पत्र सूचना शाखा
सूचना एव जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल जी ने माधव हैप्पी ओल्ड एज होम वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया

वृद्धजनों की सुविधा हेतु राज्यपाल जी ने वाशिंग मशीन, फ्रिज एवं सिलाई मशीन भेंट की

बुढ़ापा जीवन का सत्य है बच्चे अपने माता–पिता का सहारा बनें–

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 29 जुलाई, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद औरैया के ग्राम आनेपुर में स्थित माधव हैप्पी ओल्ड एज होम वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया तथा वहां रह रहे वृद्धों की समस्याओं को जाना। उन्होंने वृद्धाश्रम के संचालकों तथा प्रशासनिक अधिकारियों से बैठक कर वहां व्याप्त समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि बुढ़ापा जीवन का सत्य है। जीवन के इस पड़ाव में अपने ही सहारा बनते हैं। इसलिए माता–पिता बच्चों को पढ़ाते हैं और जीवन की सही राह दिखाते हैं ताकि वह परिवार और समाज के मददगार बन सकें। लेकिन वृद्धावस्था में कुछ नासमझ बच्चे बड़े होने के बाद राह भटक जाते हैं जिस कारण बूढ़े माता–पिता को इधर–उधर भटकना पड़ता है। हमें उनकी पीड़ा को समझना चाहिए। राज्यपाल जी ने वृद्धजनों की सुविधा हेतु वृद्धाश्रम को वाशिंग मशीन, फ्रिज व सिलाई मशीन भेंट की।

राज्यपाल जी ने औरैया स्थित गैस अथारटी आफ इण्डिया लि0 के सरगम हाल में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, प्रगतिशील कृषकों तथा कृषक उत्पादक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। तत्पश्चात उन्होंने क्षय रोग से ग्रसित मरीजों को गोद लेने वाली संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्तुतीकरण को देखा।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जो किसान जैविक खेती के उत्पाद तैयार करते हैं उन्हें मण्डी में उचित स्थान दिया जाये, जिससे कि किसान अपना उत्पाद अधिक से अधिक ग्राहकों को बेच सकें और अधिक से अधिक लोग जैविक खेती के उत्पाद खरीद सकें और उनका इस्तेमाल कर सकें। जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाये, इसके लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

राज्यपाल जी ने कहा कि जनपद में अभियान चलाकर टी0बी0 से ग्रसित बच्चों को चिहिन्त कर गोद लिया जाय। अधिकारियों डाक्टरों, एन0जी0ओ0 एवं गेल एन0टी0पी0सी0 जैसी बड़ी–बड़ी कम्पनियों द्वारा बच्चों को गोद लिया जाये और उनके पालन–पोषण व शिक्षा की व्यवस्था की जाये। सी0एम0ओ0 औरैया डा0 अर्चना श्रीवास्तव ने राज्यपाल जी को बताया कि 1 अप्रैल, 2021 से 27 जुलाई, 2021 तक कुल 61 टी0बी0 रोगियों को गोद लिया गया है, जिसमें जायंट्स ग्रुप आफ द्वारा 20, संवेदना ग्रुप द्वारा 10, आई0एम0 द्वारा 5 एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा 26 बच्चों को गोद लिया गया है।

कार्यक्रम के उपरान्त राज्यपाल जी ने 5 बच्चों को पोषण किट वितरित की तथा गेल परिसर में एक पौधा रोपित किया।

इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री श्री लाखन सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कमल दोहरे, जिलाधिकारी श्री सुनील कुमार वर्मा सहित कई अधिकारीगण उपस्थित थे।

————————

राजभवन(272 / 15)

सौजन्य, शुभाशीर्वाद एवं कर कमलों से वृद्धाश्रमोपयोगी
का वितरण समारोह (दिनांक– 29/07/20
मुख्य अतिथि :-
नंदीबेन पटेल जी (वात्सल्यमयी

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी
द्वारा
भारत सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम
दिनांक : 29/07/2021
जनपद – औरैया

पौधारोपण
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
रुद्राक्ष